दिन– शनिवार दिनांक– 19 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा – केंद्र सरकार के प्रयासों से महिलाएं रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान समेत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं।

02. प्रदेश में जारी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत मतदाताओं ने गणना फार्म जमा कराये।

03. चुनाव आयोग ने गणना फार्म नहीं भरने वाले तिहत्तर लाख से अधिक मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को सौंपी। इन मतदाताओं के गणना फार्म भरवाने में सहयोग की अपील की।

04. पड़ोसी राज्यों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन और पुनपुन नदी उफान पर। गंगा नदी ने पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान को किया पार।

05. और, बिहार में पहली बार इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट शुरू। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई रंगारंग शुरूआत।

---

केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार महिलाओं के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। श्री सिंह पटना के अधिवेशन भवन में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली और जीविका, बिहार की ओर से महिला सहभागिता से विकसित बिहार की परिकल्पना विषय पर आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की नितियों के कारण महिलाएं आज रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान समेत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं।

–––बाइट–––

वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारतीय महिलाओं की उड़ान पूरा विश्व देख रहा है। उन्होंने जीविका दीदियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाने का समय आ गया है।

–––बाइट–––

सम्मेलन को केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फैसले से बिहार में महिलाओं

का सशक्तिकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार को विकसित बनाने में महिलाओं का प्रमुख योगदान है।

———बाइट———

इधर, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए हर प्रयास किया है। उनके लिए ग्रामीण हाट और सरस मेला जैसे कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किए जाते हैं ताकि उनके उत्पादों की बिक्री हो और वित्तीय रूप से वे समर्थ बन सके।

———बाइट———

---

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नशामुक्त युवा के महत्व पर जोर दिया है। आज वाराणसी में युवा आध्यात्मिक सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों से इस अभियान में अपने साथ कम से कम पांच युवाओं को जोड़ने की शपथ लेने का भी आह्वान किया।

———बाइट———

प्रधानमंत्री जी ने कई बार अपने मन की बात में और सार्वजनिक कार्यक्रम में देश के युवा एडिक्शन से दूर रहे नशा मुक्त हो आने वाले दिनों में सरकार की ओर से तो प्रयास हो रहा है। एजुकेशन मिनिस्ट्री अपने ओर से प्रयास करता है, सांस्कृतिक विभाग अपने ओर से प्रयास करता है, राज्य सरकार अपने ओर से प्रयास करती है। हमें हमारे देश को विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें युवा फॉर नशा मुक्ति विकसित भारत बनाना है।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक **पंचानवे दशमलव नौ–दो** प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि **सात करोड़ सत्तावन लाख** से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। आयोग ने कहा कि अब केवल **बत्तीस लाख तेईस हजार तेईस** मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। आयोग के अनुसार अभियान के क्रम में अब तक **चौदह लाख उनतीस हजार तीन सौ चौवन** मतदाता मृत पाए गए हैं। **उन्नीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ छियालीस** मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं, **सात लाख पचास**

**हजार दो सौ तेरह** मतदाता एक से अधिक स्थानों पर रिजस्ट्रर्ड पाये गयें। जबकि **ग्यारह हजार** मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए हैं।

---

चुनाव आयोग ने प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक गणना फार्म नहीं भरने वाले तिहत्तर लाख तिहत्तर हजार नौ सौ बयालीस मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को सौंप दी है। आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा है कि इन मतदाताओं की तलाश कर गणना की प्रक्रिया में सहयोग करें। आयोग की जानकारी के अनुसार इन मतदाताओं में बारह लाख से अधिक मृत, अठारह लाख से अधिक स्थाई रूप से स्थानांतरित और करीब छह लाख दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाता शामिल हैं। इसके साथ ही छह हजार नौ सौ अठहत्तर मतदाताओं के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। आयोग ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने में अब मात्रा छह दिन शेष बचे हैं। इस लिए सभी राजनीतिक दल जिला इकाई और बीएलए एजेंट के माध्यम से इन मतदाताओं का पता लगाकर इन गणना फार्म भरवाने में सहायता करें।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि बिहार में एसआईआर को लेकर विपक्षी दल भ्रम फैला रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य ईमानदारी से कर रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाया जाना आवश्यक है।

———बाइट———

---

बिहार में पहली बार इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज मीट का रंगारंग आगाज हुआ। इस मीट का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण संयुक्त रूप से कर रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, रवींद्रन शंकरन ने कहा है कि पूरे देश के चार सौ से अधिक एथलीट इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

——— बाइट——

एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी और मध्यम दूरी की दौड़, स्प्रिंट, रिले रेस, स्टीपलचेज, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गयीं। पोल वॉल्ट, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जेवलिन थ्रो, डेकाथलॉन, हेप्टाथलॉन, मैराथन और हाफ मैराथन सहित अन्य स्पर्धाएं भी आयोजित की जायेंगी।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता एक बार फिर से बढ़ रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर, दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गयी है। सबसे अधिक सत्तर मिलीमीटर बारिश सुपौल के वीरपुर में रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, पूर्णिय, अररिया और किशनगंज जिले में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान पटना समेत दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

---

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा और गंडक नदी के जलस्तर में विभिन्न स्थानों पर वृद्धि दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा का जलस्तर बक्सर से लेकर भागलपुर के कहलगांव तक लगातार बढ़ रहा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। वहीं, सोन नदी पटना के मनेर, जबकि पुनपुन नदी श्रीपालपुर में लाल निशान से ऊपर बह रही है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न गंगा घाटों पर नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने दानापुर के नासरीगंज और जे.पी. गंगा पथ से नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल सुरक्षात्मक उपाए करने को कहा है।

---

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की विशेष टीम ने आज समस्तीपुर स्थित महिला थाना पर छापेमारी कर थानाध्यक्ष पुतुल कुमारी और चालक गुड्डु कुमार को बीस हजार रूपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुतुल कुमारी पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी राजीव रंजन सिंह से मारपीट के एक मामले को रफा–दफा करने के लिए घूस लेने का आरोप है।

---

पटना के पारस अस्पताल में कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या मामले में बिहार एसटीएफ और बंगाल एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर कोलकाता के न्यू टाउन इलाके से पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर के जिलाधिकारी सुनील कुमार और पुलिस अधीक्षक हरि मोहन शुक्ला ने समाहरणालय भवन में साप्ताहिक जनता दरबार में लोगों की समस्याओं का समाधान किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा – केंद्र सरकार के प्रयासों से महिलाएं रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान समेत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं।

02. प्रदेश में जारी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत मतदाताओं ने गणना फार्म जमा कराये।

03. चुनाव आयोग ने गणना फार्म नहीं भरने वाले तिहत्तर लाख से अधिक मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को सौंपी। इन मतदाताओं के गणना फार्म भरवाने में सहयोग की अपील की।

04. पड़ोसी राज्यों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन और पुनपुन नदी उफान पर। गंगा नदी ने पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान को किया पार।

05. और, बिहार में पहली बार इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट शुरू। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई रंगारंग शुरूआत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।